Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 18-12-2006

Participants : Patle Shri Shishupal Natthu

an>

Title: Need to provide employment to the children of the farmers whose land have been acquired for exploiting manganese in Bhandara, Maharashtra.

श्री शिशुपाल ऐन पटले (भण्डारा) :सभापति महोदय, मैं एक महत्वपूर्ण मुद्दे की ओर आपका ध्यान आकृट करना चाहता हूं। सरकार को पता है कि महाराट्र के विदर्भ में सबसे ज्यादा किसानों ने आत्महत्याएं की हैं। आत्महत्याएं रोकने के लिए हमें प्रधान मंत्री जी से लेकर राट्रपति जी तक गुहार लगानी पड़ी। प्रधान मंत्री जी ने पिछले महीने विदर्भ का दौरा किया और किसानों द्वारा की जा रही आत्महत्याओं को रोकने का प्रयास किया था। लेकिन एक तरफ आत्महत्याओं को रोकने के लिए पैकेज दिया जा रहा है और दूसरी तरफ खदानों में क्लास फोर्थ के स्थानीय कामगारों को लेने के बजाय दूसरे राज्यों से कामगारों को लाकर भर्ती किया जा रहा है। वहां के स्थानीय किसानों ने उन खदानों के लिए, डेवलपमैंट के लिए अपनी जमीन दी है। भंडारा लोक सभा क्षेत्र में जो चिखला माइन्स है, वहां का मैग्नीज इतना अच्छा है कि इंटरनैशनल मार्केट में उसकी डिमांड है। ऐसे डेवलपमैंट के कामों के लिए किसानों ने अपनी जमीन दी है। वहां अच्छी तरह से खान चालू हुई। जब वहां क्लास फोर्थ के कामगारों को लेने की बात आयी, तो वहां के किसानों, उनके बच्चों को छोड़कर दूसरे राज्यों से कामगारों को लाकर भर्ती किया जा रहा है। इस कारण वहां किसानों के बच्चे हड़ताल कर रहे हैं। पिछले दस साल से वे डिमांड कर रहे हैं, लेकिन सरकार द्वारा अभी तक इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया।

मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि वहां के स्थानीय किसानों द्वारा जमीन दी गयी है, इसलिए उन खदानों में किसानों के बच्चों को लिया जाये। जिन माइनिंग अधिकारियों ने इस तरह की अनियमितताएं कीं कि दूसरे राज्यों से लाकर क्लास फोर्थ के कामगारों को भर्ती किया, ऐसे अधिकारियों को दंडित किया जाये।